>

Title: Need to convert Kalimati-Kankadahad route (via Baspal-Bamebari-Telboi) in Keonjhar Parliamentary Constituency, Odisha into a National Highway.

**श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर):** मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर के जोडा ब्लॉक अंतर्गत कालीमाटी से डेकानाल जिले अंतर्गत कंकडा हाड तक वाया वासपल तेलबोई होते हुए मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है क्योंकि कोयला, लोहा एवं बॉक्साइड जैसे खनिज सम्पदा से यह इलाका भरपूर है। यहां पर अभी तक कोई रेलवे लाईन भी उपलब्ध नहीं है। इस इलाके में आदिवासी लोगों की संख्या ज्यादा है, जिनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति अन्य क्षेत्रों से अपेक्षाकृत बहुत पिछड़ी हुई है। औद्योगिक विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां पर माओवादी प्रभाव बढ़ता जा रहा है एवं रोजगार के अभाव में यहां के नवयुवक माओवादी के चुंगल में आ रहे हैं। औद्योगिक विकास एवं कच्चे माल की प्रचुरता के आधार पर उपलब्ध कच्चे माल के आधारित उद्योग लगाने की संभावनाओं को बल देने के लिए उपरोक्त मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर के जोडा ब्लॉक के अंतर्गत कालीमाटी से डेकानाल जिले के कंकडा हाड तक वाया वासपल तेलबोई होते हुए मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित देशहित में शीघ्र किया जाए।